PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Saturday, 18th December 2010, Page: 9
Width: 6.35 cms Height: 13.34 cms, Ref: pmin.2010-12-18.44.32

सुषमा-वेन मुलाकात

# दवा व साफ्टवेयर उद्योग के लिए भी खुले चीनी बाजार

32-9

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** लोकसभा में विपक्ष की नेता और भाजपा की वरिष्ठ सांसद सुषमा स्वराज ने भारत की यात्रा पर आए चीन के प्रधानमंत्री वेन जियाबाओ से मुलाकात के दौरान पाकिस्तान के प्रति चीनी रवैये, नत्थी वीजा और अरुणाचल प्रदेश में घुसपैठ-जैसे मुद्दों को उठाया और चीनी प्रधानमंत्री से कहा कि चीन के दरवाजे भी दवा और साफ्टवेयर उद्योग के लिए खोले जाएं।

सुषमा ने माइक्रो ब्लागिंग वेबसाइट ट्विटर पर लिखा, 'मैंने चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात की। यह बहुत अच्छी मुलाकात रही।' उन्होंने लिखा, 'मैंने उनके साथ बातचीत में अरुणाचल प्रदेश में घुसपैठ की खबरों, पाकिस्तान के प्रति चीनी रुख व कश्मीरी नागरिकों को नत्थी वीजा का मुद्दा उठाया।' उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे भारत के दवा और कंप्यूटर साफ्टवेयर उद्योग को भी चीनी बाजार में प्रवेश करने देने की अनुमति देने की मांग की।'

सुषमा के अनुसार, चीनी प्रधानमंत्री ने बड़े मन से वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा को याद किया। उन्होंने वाजपेयी के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने के लिए शुभकामनाएं दीं। बात में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि श्रीमती स्वराज ने चीनी प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कहा कि चीन को भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में अपनी भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए।